# कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, जौनपुर

स्थ

## दिनांकः 18.08.2026 को जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं एवं उनके निराकरण तथा योजनाओं की प्रगति से सम्बन्धित सम्पन्न समीक्षा बैठक की कार्यवृत्ति।

दिनांकः 18.08.2026 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में पूर्वान्ह 11:00 बजे जल जीवन मिशन कार्यक्रम में आ रही समस्याओं एवं उनके निराकरण तथा योजनाओं की प्रगति के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की गयी। समीक्षा बैठक में निम्न की उपस्थिति रही–

1. डी०पी०आर०ओ०, जौनपुर।
2. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर।
3. खण्ड विकास अधिकारी, शाहगंज।
4. खण्ड विकास अधिकारी, खुटहन।
5. खण्ड विकास अधिकारी, रामपुर।
6. खण्ड विकास अधिकारी, धर्मापुर।
7. खण्ड विकास अधिकारी, डोभी।
8. खण्ड विकास अधिकारी, जलालपुर।
9. खण्ड विकास अधिकारी, सिरकोनी।
10. खण्ड विकास अधिकारी, केराकत।
11. खण्ड विकास अधिकारी, सिकरारा।
12. खण्ड विकास अधिकारी, मछलीशहर।
13. खण्ड विकास अधिकारी, रामनगर।
14. खण्ड विकास अधिकारी, मुंगराबादशाहपुर।
15. खण्ड विकास अधिकारी, करंजाकला।
16. खण्ड विकास अधिकारी, बरसठी।
17. खण्ड विकास अधिकारी, सुईथाकला।
18. खण्ड विकास अधिकारी, मड़ियाहूँ।
19. खण्ड विकास अधिकारी, बक्शा।
20. खण्ड विकास अधिकारी, बदलापुर।
21. खण्ड विकास अधिकारी, महराजगंज।
22. खण्ड विकास अधिकारी, मुफ्तीगंज।
23. खण्ड विकास अधिकारी, सुजानगंज।
24. जिला समन्वयक, डी०पी०एम०यू०, जौनपुर।
25. डी०पी०एम०, टी०पी०आई०ए०, मेसर्स मेधज टेक्नों कान्सेप्ट प्रा०लि०, जौनपुर।
26. श्री कृपाशंकर सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर, मे० एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, जौनपुर।
27. श्री पुष्कर सिह, प्रोजेक्ट मैनेजर, मे० वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे०वी०), जौनपुर।
28. श्री संदीप दूबे प्रोजेक्ट मैनेजर, मे० जी०ए० इन्फ्रा, जौनपुर।

बैठक की कार्यवृत्ति का विवरण निम्नानुसार है–

(1) मुख्य विकास अधिकारी की अनुमति से अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर द्वारा अवगत कराया गया कि जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की दिनांकः 29.07.2026 को आयोजित बैठक से वर्तमान तक कुल 04 नग पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण कर संचालन एवं अनुरक्षण हेतु सम्मिलित किया गया है। वर्तमान में 1225 नग पाइप पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 90 नग पाइप पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण कर संचालन एवं अनुरक्षण हेतु सम्मिलित कर सूचीबद्ध कर लिया गया है।

(2) मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बैठक में आमंत्रित सभी सदस्यों की उपस्थिति पंजिका तैयार कर उपस्थित/अनुपस्थित की स्थिति पंजिका में प्रविष्ट कर आगामी बैठकों में प्रस्तुत किये जाने हेतु अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर/ए०डी०ई०एस०टी०ओ० को निर्देशित किया गया। जिन आमंत्रित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग नहीं किया जाता है, उनके द्वारा पूर्व अनुमति लिया जाना आवश्यक है। बैठक में आमंत्रित ऐसे सदस्य जिनके द्वारा प्रतिभाग नहीं किया गया है उक्त अधिकारियों का स्पष्टीकरण तथा दिनांकः 18.08.2026 का वेतन रोके जाने से सम्बन्धित पत्र तैयार कर अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत किये जाने हेतु अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया।
(कार्यवाही–ए०डी०ई०एस०टी०ओ०/अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर )

E.E.

(3) मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जिन पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण में व्यवधान आ रहा है, उक्त के निराकरण हेतु उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी, सम्बन्धित जू0इं0, कार्यरत फर्म के इंजीनियर तथा सम्बन्धित ग्राम प्रधान के साथ संयुक्त बैठक कर जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं का अगले बैठक से पूर्व समाधान आवश्यक रूप से करायेंगे तथा जिन पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु सैलाइन वॉटर प्राप्त होने के कारण अन्य भूमि की आवश्यकता है, उक्त हेतु सम्बन्धित ग्राम पंचायत में भूमि उपलब्ध नहीं होने की दशा में आस–पास के ग्राम पंचायतों में उपलब्ध भूमि का आवंटन पेयजल योजना के निर्माण के लिए प्राप्त करें।
**कार्यवाही– समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0)/मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, जौनपुर)**

(4) मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जंगीपुर खुर्द तथा गौसपुर पेयजल योजनाओं से सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर से योजनाओं के प्रगति की जानकारी चाही। सम्बन्धित ज0इं0 द्वारा योजनाओं के प्रगति के सम्बन्ध में अवगत कराने पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि अगली बैठक से पूर्व इन योजनाओं के समस्त घटकों का कार्य पूर्ण करते हुए संचालन एवं अनुरक्षण में सम्मिलित किया जाना सुनिश्चित करें।
**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0)/मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, जौनपुर)**

(5) मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जिन योजनाओं पर अनुरक्षण एवं संचालन प्रारम्भ हो चुका है, उन योजनाओं पर नियमित क्लोरीनयुक्त शुद्ध पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें, यदि पूर्ण योजनाओं पर कोई समस्या उत्पन्न होती है तो शिकायत निवारण के निहित प्राविधानों के तहत 48 घण्टें में सामान्य जलापूर्ति पूर्व की भांति फर्म द्वारा प्रारम्भ की जाये, अन्यथा की स्थिति में पेनॉल्टी क्लॉज के प्राविधानों के तहत कार्यवाही हेतु बाध्य होना पड़ेगा।
**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0)/मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, जौनपुर)**

(6) मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उत्तर प्रदेश जल निगम, ग्रामीण के अधिशासी अभियन्ता तथा कार्यरत फर्मों के परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि जिन योजनाओं को पूर्ण कर अनुरक्षण एवं संचालन में सम्मिलित किया जा रहा है, उन योजनाओं पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम कराना सुनिश्चित करें।
**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0)/मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, टी0पी0आई0ए0 (निर्माण), टी0पी0आई0ए0 (संचालन एवं अनुरक्षण), डी0डी0एम0यू0, जौनपुर)**

(7) मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उत्तर प्रदेश जल निगम, ग्रामीण के अधिशासी अभियन्ता तथा कार्यरत फर्मों के परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि सभी शिरोपरि जलाशयों की नियमित सफाई होनी चाहिए एवं टैंक सफाई की तिथि का अंकन भी पेयजल योजना पर कराया जाना सुनिश्चित करें तथा अगली बैठक से पूर्व जिंक एलम टैंक की सफाई का मैकेनिज्म अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करें।
**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0)/मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर/मेसर्स जी0ए0 इन्फ्रा, टी0पी0आई0ए0)**

(8) मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उत्तर प्रदेश जल निगम, ग्रामीण के अधिशासी अभियन्ता तथा कार्यरत फर्मों के परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि समस्त निर्मित बाउण्ड्रीवाल पर बॉयो–फेन्सिंग कराना सुनिश्चित करें।
**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0)/मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर/मेसर्स जी0ए0 इन्फ्रा, टी0पी0आई0ए0)**

(9) मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उत्तर प्रदेश जल निगम, ग्रामीण के अधिशासी अभियन्ता से जानकारी चाही गयी कि कितनी योजनाएं किस–किस प्रगति के स्तर पर है। उत्तर प्रदेश जल निगम, ग्रामीण के अधिशासी अभियन्ता, द्वारा अवगत कराया गया कि कुल 107 योजनाएं 90 प्रतिशत की भौतिक प्रगति से अधिक की हैं तथा 298 नग पाइप पेयजल योजनाएं 80 से 90 प्रतिशत के मध्य हैं। उक्त प्रकरण पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की दिनांकः 29.07.2026 को सम्पन्न जल जीवन मिशन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन में माह–सितम्बर के अन्त तक 200 नग पाइप पेयजल योजनाओं को संचालन एवं अनुरक्षण हेतु अनिवार्य रूप से सम्मिलित किया जाये। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकास खण्ड–मुंगराबादशाहपुर से सम्बन्धित 90 प्रतिशत से अधिक प्रगति वाली योजनाओं की समीक्षा के दौरान सम्बन्धित फर्म के कन्स्ट्रक्शन मैनेजर से बड़ागांव एवं सजईकला खुर्द पेयजल योजना का निर्माण कार्य पूर्ण किये जाने में आ रहे व्यवधानों के निस्तारण हेतु खण्ड विकास अधिकारी मुंगराबादशाहपुर, सम्बन्धित जू0इं0 द्वारा संयुक्त रूप से योजना का निरीक्षण कर व्यवधानों का निस्तारण कराते हुए संचालन एवं अनुरक्षण में सम्मिलित कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।
**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0)/मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर)**

(10) मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जल सारथी ऐप का प्रचार–प्रसार किये जाने हेतु समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया जिससे कि अधिक से अधिक आम जनमानस उक्त ऐप के माध्यम से योजना की जानकारी तथा योजना से सम्बन्धित शिकायत दर्ज कर सकें।
**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0)/मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर )**

EE.

(11) अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर द्वारा व्यापक कार्यान्वय एवं सुधार नियोजन (CIRP) के विषय में अवगत कराया गया कि मिशन अवधि के लिए तैयार किये जाने वाली एक रणनीतिक एवं समयबद्ध परिचालन योजना है जिसमें योजनावार पूर्णता समय सीमाएं, वित्तीय आवंटन, सुधार सम्बन्धित प्रतिबद्धताएं तथा अधिशासन लक्ष्यों को रेखांकित किया गया है, उक्त तैयार (CIRP) का प्रदर्शन बैठक में किया गया।
**(कार्यवाही— अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0)/मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर)**

(12) मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि कार्यरत फर्मों मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0) एवं मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर को आवंटित पाइप पेयजल योजनाओं के सापेक्ष कतिपय योजनाओं पर निर्माण में आ रहे विविध व्यवधानों/समस्याओं की सूची सम्बन्धित जू0इं0/सहायक अभियन्ता तैयार कर अपने से सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारियों को उक्त सूची उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें तथा समन्वय स्थापित कर परस्पर सहयोग एवं निरन्तर अनुश्रवण द्वारा उक्त व्यवधानों का निस्तारण कर पाइप पेयजल योजना का बाधित कार्य प्रारम्भ कराकर योजना को ससमय पूर्ण करें, जिससे आम जनमानस को स्वच्छ पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ की जा सके।
(कार्यवाही— **अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0)/मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर)**

(13) मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि निर्मित पाइप पेयजल योजनाओं से निरन्तर जलापूर्ति सुनिश्चित किये जाने के क्रम में सौर ऊर्जा पैनलों की क्रियाशीलता अति आवश्यक है जिसके क्रियाशीलता का निरीक्षण सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा आवश्यक रूप से किया जाये तथा सम्बन्धित रिपोर्ट अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत किया जाये।
(कार्यवाही— **अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0)/मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर)**

(14) ऐसी योजनाएं जिनका निर्माण कार्य कोर्ट से स्टे होने के कारण अवरूद्ध है, उनके लिए फर्म द्वारा स्टे वैकेट किये जाने हेतु अपने फर्म के लीगल टीम से अप्लीकेशन लगाये जाने हेतु पूर्व की जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में दिये गये निर्देश के अनुपालन में फर्म द्वारा किये गये कार्यवाही के सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जानकारी चाही गयी। उक्त प्रकरण पर फर्म द्वारा कार्यवाही के सम्बन्ध में समुचित उत्तर नहीं दिये जाने पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि आगामी बैठक से पूर्व कोर्ट स्टे वैकेट किये जाने हेतु कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को आवश्यक रूप से अवगत कराया जाये।
(कार्यवाही— **अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0)/मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर)**

(15) विद्युत आधारित ऐसी योजनाएं, जिनके विद्युत संयोजन आदि से सम्बन्धित कार्य कराये जाने हेतु सम्बन्धित फर्म द्वारा धनराशि जमा किये जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की गयी है, उक्त से सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्डों को अधोहस्ताक्षरी की तरफ से भेजे जाने वाले पत्र का पत्रालेख तैयार कर प्रस्तुत किये जाने हेतु अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम, ग्रामीण, जौनपुर को निर्देशित किया गया एवं यह भी निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित विद्युत वितरण खण्डों के अधिशासी अभियन्ताओं के साथ-साथ उनके अधीक्षण अभियन्ता को भी आगामी बैठकों में प्रतिभाग किये जाने हेतु आवश्यक रूप से आमंत्रित किया जाये जिससे सम्बन्धित खण्ड के जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन से सम्बन्धित समस्याओं एवं उनके निराकरण के सम्बन्ध में समीक्षा की जा सके।
(कार्यवाही— **अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0)/मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर)**

16) मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिला पंचायती राज अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत पूर्ण योजनाओं में पेयजल आपूर्ति की समीक्षा हेतु सम्बन्धित ग्राम प्रधानों से फीडबैक प्राप्त किया जाये तथा प्राप्त शिकायतों का ससमय निस्तारण कराये जाने हेतु अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम, ग्रामीण, जौनपुर को फीडबैक रिपोर्ट प्रेषित की जाये।
(कार्यवाही— **अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0)/मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर)**

अन्त में बैठक धन्यवाद ज्ञापित करते हुए समाप्त की गयी।

(ऋषिकेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,
जौनपुर

(ध्रुव खाड़िया)
मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति
जौनपुर

पत्रांकः 1384 /सा०प्र-17/ 41 दिनांकः 25/08/2026

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3. जिलाधिकारी, जौनपुर।
4. जिला विकास अधिकारी, जौनपुर
5. डी0पी0आर0ओ0, जौनपुर।
6. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर।
7. खण्ड विकास अधिकारी, शाहगंज।
8. खण्ड विकास अधिकारी, खुटहन।
9. खण्ड विकास अधिकारी, रामपुर।
10. खण्ड विकास अधिकारी, धर्मापुर।
11. खण्ड विकास अधिकारी, डोभी।
12. खण्ड विकास अधिकारी, जलालपुर।
13. खण्ड विकास अधिकारी, सिरकोनी।
14. खण्ड विकास अधिकारी, केराकत।
15. खण्ड विकास अधिकारी, सिकरारा।
16. खण्ड विकास अधिकारी, मछलीशहर।
17. खण्ड विकास अधिकारी, रामनगर।
18. खण्ड विकास अधिकारी, मुंगराबादशाहपुर।
19. खण्ड विकास अधिकारी, करंजाकला।
20. खण्ड विकास अधिकारी, बरसठी।
21. खण्ड विकास अधिकारी, सुईथाकला।
22. खण्ड विकास अधिकारी, मड़ियाहूँ।
23. खण्ड विकास अधिकारी, बक्शा।
24. खण्ड विकास अधिकारी, बदलापुर।
25. खण्ड विकास अधिकारी, महराजगंज।
26. खण्ड विकास अधिकारी, मुफ्तीगंज।
27. खण्ड विकास अधिकारी, सुजानगंज।
28. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, जौनपुर।
29. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0ए0, मेसर्स मेधज टेक्नों कान्सेप्ट प्रा0लि0, जौनपुर।
30. श्री कृपाशंकर सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, जौनपुर।
31. श्री पुष्कर सिह, प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0), जौनपुर।
32. श्री संदीप दूबे प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 जी0ए0 इन्फ्रा, जौनपुर।

मुख्य विकास अधिकारी
जौनपुर